# जैसे माँ बिना स्वार्थ के हमारी सेवा करती है वैसे ही पेड़ हमें प्राणवायु देते हैं: सिंह

भोपाल (काप्र)।

**लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने आज एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत आदमपुर छावनी में वृहद् वृक्षारोपण कार्यक्रम में पौधारोपण किया। इस दौरान विधायक हुजुर रामेश्वर शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।**

इस अवसर पर लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा, पेड़ों का महत्व हमारे जीवन में अत्यधिक है। वृक्षारोपण आज की आवश्यकता है। एक पेड़ माँ के नाम अभियान इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने आगे कहा कि इस अभियान को देश एवं मध्यप्रदेश की जनता ने पूरे उत्साह के साथ अपनाया है और यह अभियान लगातार एक नई हरित क्रान्ति का रूप ले रहा है। श्री सिंह ने वृक्षों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा, जैसे माँ बिना स्वार्थ के हमारी सेवा करती है, वैसे ही पेड़ भी हमें प्राणवायु प्रदान करते हैं। सभी को अधिक से अधिक वृक्षारोपण करते रहना चाहिए।



पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने महत्वपूर्ण संदेश देते हुए कहा कि आज का दिन आने वाली पीढ़ी के लिए संकल्प लेने का है। उन्होंने कहा कि वृक्ष हैं तो जल है, और जल है तो जीवन है। श्री पटेल ने सभी नागरिकों से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने की अपील की। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण न केवल पर्यावरण को सुरक्षित रखने में मदद करेगा, बल्कि जल संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यदि हम आज अधिक वृक्ष लगाएंगे, तो आने वाली पीढ़ी के लिए स्वच्छ जल और स्वस्थ पर्यावरण सुनिश्चित कर सकेंगे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने भी वृक्षारोपण में भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अपने योगदान का संकल्प लिया। एक पेड़ माँ के नाम अभियान से आने वाले समय में हरित प्रदेश की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होंगे।

# गोविंदपुरा सीएम राइज उ.मा. विद्यालय में निःशुल्क स्कूल बस सेवा का शुभारंभ

भोपाल(काप्र)।



**सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने शनिवार को नरेला विधानसभा अंतर्गत गोविंदपुरा शासकीय सीएम राइज़ उमा विद्यालय के लिये निःशुल्क स्कूल बस सेवा का शुभारंभ किया। श्री सारंग ने बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।**

इस दौरान उन्होंने बस सेवा का लाभ लेने वाले विद्यार्थियों से संवाद भी किया। नई स्कूल बस को लेकर सभी बच्चों में बेहद प्रसन्नता देखने को मिली। विद्यार्थियों के लिये निःशुल्क परिवहन सेवा के शुभारंभ के अवसर पर कार्यक्रम में श्री सारंग ने संबोधित किया। इसके साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाह्न पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान अंतर्गत विद्यालय प्रांगण में पौध-रोपण भी किया।

श्री सारंग ने अपने संबोधन में कहा कि मध्यप्रदेश सरकार द्वारा सीएम राइज़ स्कूल के माध्यम से शासकीय स्कूलों में प्राइवेट स्कूलों जैसी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। निःशुल्क परिवहन सेवा की शुरूआत से दूरदराज क्षेत्रों में रहने वाले शासकीय स्कूल के विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के साथ ही उनकी मूलभूत सुविधाओं में भी निरंतर विस्तार किया जा रहा है।

# निगम अध्यक्ष ने किया पौधरोपण



**भोपाल (काप्र)।** निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने 'एक पेड़ मां के नाम' वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत वार्ड क्र. 28 एवं 34 में पौधरोपण किया और अन्य नागरिकों को भी पौधरोपण हेतु प्रेरित किया।

श्री सूर्यवंशी ने 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत शनिवार को वार्ड क्र. 28 के अंतर्गत कोटरा शासकीय आवास क्षेत्र में पौधरोपण किया एवं अन्य नागरिकों को भी पौधरोपण हेतु प्रेरित किया। इसके अलावा श्री सूर्यवंशी ने वार्ड क्र. 34 के अंतर्गत पुराना मछलीघर खटलापुरा रोड के सेन्ट्रल वर्ज पर भी पौधे लगाए। एक पौधा मां के नाम' के अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल, हबीबगंज, भेल भोपाल में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि स्थानीय पार्षद सुरेंद्र बाड़ीका द्वारा पारस पीपल का पौधा लगाया गया तथा वृक्षारोपण उपरान्त उन्होने पर्यावरण संरक्षण का महत्व भी बताया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती स्मिता पाण्डेय सहित अन्य शिक्षक, शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक पौधरोपण किया

## गिरवी मोबाइल की रकम को लेकर निगम कर्मचारी को पाइप से पीटा

**भोपाल।** हबीबगंज थाना इलाके में नगर निगम कर्मचारी के साथ आरोपी द्वारा गिरवी रखे मोबाइल की रकम के लेन देन को लेकर मारपीट किये जाने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार ऐशबाग इलाके के बागदिलकुशा में रहने वाले फरियादी कामरान खान पिता इनायत खान (40) ने शिकायत करते हुए बताया कि वह नगर निगम में नौकरी करता है। पैसौ की जरुरत होने पर उसने अपना मोबाइल बल्लू मकोरिया नामक व्यक्ति के गिरवी रखा था। लेकिन रकम का बंदोबस्त न होने पर वह मोबाइल नहीं उठा पा रहा था। दो दिन पहले सुबह के समय उसका शिवाजी नगर स्थित पांच नंबर मार्केट के पास बल्लू मकोरिया से आमना सामना हो गया। इसी बात को लेकर बल्लू मकोरिया ने उससे विवाद करते हुए गालियां देने लगा। जब फरियादी ने उसे गाली-गलौज करने से मना किया तब गुस्साये आरोपी ने उसके साथ मारपीट शुरु कर दी। आरोपी ने पास पड़ा पाइप उठाकर उस पर वार कर दिये।

# एम्स में 76वें आईएसएसएच बेसिक कोर्स का आयोजन

भोपाल (काप्र)।

**एम्स में शनिवार को 76वें आईएसएसएच बेसिक कोर्स की शुरुआत हुई, जो मध्य भारत में अपनी तरह की पहली कार्यशाला है । यह दो दिवसीय कार्यक्रम एम्स के ऑर्थोपेडिक्स विभाग द्वारा बर्न्स और प्लास्टिक सर्जरी विभाग और बीओएसएस के सहयोग आईएसएसएच के तत्वावधान में आयोजित किया गया है।**



कार्यशाला का उद्घाटन एम्स के कार्यपालक निदेशक प्रो. अजय सिंह ने किया, जिन्होंने हाथ की सर्जरी के महत्व पर चर्चा की । हाथ की सर्जरी बहुत एक बहुत ही जटिल सर्जरी होती है। शुरुआती चरण में ही, हमें आगे की जटिलताओं को कम करने का प्रयास करना चाहिए। एक और महत्वपूर्ण पहलू कुचले हुए हाथ का प्रबंधन करना है ताकि उसकी अधिकतम कार्यक्षमता सुनिश्चित की जा सके। सभी ऑर्थोपेडिक सर्जनों को हाथ की सर्जरी की मूल बातें सीखनी चाहिए, क्योंकि यह ट्रॉमा केयर का एक बहुत ही महत्वपूर्ण पहलू है, प्रो. सिंह ने कहा। डॉ. जॉन संतोषी ने कार्यशाला में भाग ले रहे प्रतिभागियों का स्वागत किया। भोपाल ऑर्थोपेडिक सर्जन सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. संजय गुप्ता ने हाथ की चोटों के सामाजिक-आर्थिक पहलू पर प्रकाश डालते हुए कहा 90% मामलों में, हाथ की चोटें गरीब या निम्न-मध्यम वर्ग के व्यक्तियों में होती हैं। यह समझना ज़रूरी है कि हम इन चोटों का बेहतर इलाज कैसे कर सकते हैं। कस्तूरबा मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, मणिपाल में ऑर्थोपेडिक्स के पूर्व प्रोफेसर और हाथ और माइक्रोवैस्कुलर स्पेशलिटी के प्रमुख प्रो. डॉ. भास्करानंद कुमार ने कार्यशाला के उद्देश्य पर बात करते हुए कहा , हमारा मुख्य उद्देश्य हाथों की सुरक्षा और कार्यक्षमता सुनिश्चित करना है। हाथ की चोटों का शीघ्र और सटीक प्रारंभिक मूल्यांकन महत्वपूर्ण है, जिससे समय पर चिकित्सा उपचार और जटिलताएँ कम की जा सकती हैं। कार्यशाला में देश भर से 100 से अधिक ऑर्थोपेडिक और प्लास्टिक सर्जन ने भाग लिया। इस कार्यशाला के द्वारा हाथ की सर्जरी के क्षेत्र में विकसित नए तौर तरीकों को भी सीखने और अपनाने का एक अवसर मिलेगा । हाथ की जटिल बनावट और शारीरिक रचना इसे मानव शरीर का एक अनूठा और महत्वपूर्ण हिस्सा बनाती है। हाथ में मामूली चोट लगने से भी काफी नुकसान हो सकता है, जिसके लिए गहन चिकित्सा मूल्यांकन और देखभाल की आवश्यकता होती है। इस कार्यशाला का उद्देश्य शल्य चिकित्सकों को हाथ की चोटों के लिए सर्वोत्तम देखभाल प्रदान करने हेतु ज्ञान और कौशल से लैस करना है, जिससे दीर्घकालिक विकलांगता के जोखिम को कम किया जा सके। एम्स में प्रतिवर्ष एक हज़ार से भी अधिक हैंड इंजरी से सम्बंधित मामले आते हैं।

# एम्स में पॉलीजेट डिजिटल एनाटॉमी प्रिंटर का उद्घाटन



भोपाल (काप्र)।

**सांसद आलोक शर्मा ने एम्स में अत्याधुनिक पॉलीजेट डिजिटल एनाटॉमी प्रिंटर का उद्घाटन किया। यह 3डी प्रिंटिंग तकनीक का लेटेस्ट मॉडल है जो मल्टी-डेंसिटी और मल्टी-कलर प्रिंटिंग की सुविधा भी प्रदान करता है।**

उद्घाटन के अवसर पर बोलते हुए श्री आलोक शर्मा ने स्वास्थ्य सेवा में इस तकनीक की परिवर्तनकारी क्षमता पर चर्चा की। उन्होंने कहा, पॉलीजेट डिजिटल एनाटॉमी प्रिंटर डाक्टरी के क्षेत्र में एक गेम-चेंजर है, जो डाक्टरों को उनके कौशल को बढ़ाने और रोगी परिणामों को बेहतर बनाने के लिए सहायक होगा । यह सुविधा न केवल एम्स भोपाल को लाभान्वित करेगी, बल्कि अन्य चिकित्सा संस्थानों के लिए एक बेंचमार्क भी स्थापित करेगी। इस दौरान उन्होंने एम्स में उपलब्ध सुविधाओं को भी देखा और अस्पताल में लोगों को मिलने वाली सुविधाओं पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए श्री शर्मा ने कहा कार्यपालक निदेशक प्रोफेसर अजय सिंह के नेतृत्व में, एम्स आगे भी सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित करता रहेगा। इस नई सुविधा से चिकित्सा शिक्षा, अनुसंधान और रोगी देखभाल को आगे बढ़ाने में विशेष सहायता मिलेगी। प्रो. सिंह ने भविष्य के लिए अपना दृष्टिकोण व्यक्त करते हुए कहा, हमारे संस्थान में पॉलीजेट डिजिटल एनाटॉमी प्रिंटर का एकीकरण नवाचार और उत्कृष्टता के प्रति हमारी निरंतर प्रतिबद्धता का प्रमाण है। हम इस तकनीक से मिलने वाली संभावनाओं को लेकर उत्साहित हैं और हमें विश्वास है कि यह चिकित्सा प्रशिक्षण और रोगी देखभाल में हमारी क्षमताओं को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएगा। उन्होंने आगे कहा कि इस प्रिंटर के उपयोग से, रोगियों के अधिक संक्षिप्त, सटीक और प्रभावी ऑपरेशन किये जा सकेंगे, जिससे पोस्ट-ऑपरेटिव रिकवरी तेज़ी से होगी। यह अत्याधुनिक प्रिंटर उल्लेखनीय शारीरिक यथार्थवाद के साथ अत्यधिक सटीक और जटिल एक्सडी चिकित्सा मॉडल बना सकता है।




भोपाल में शनिवार को विश्व शांतिदूत दलाई लामा के 89 वें जन्मदिन पर सोशल एक्टिविस्ट डॉ. महेश यादव (अमन गाँधी) ने न्यू मार्केट में आमजन के बीच केक काटकर उनका जन्मदिन मनाया और उनकी दीर्घायु की कामना के साथ शुभकामनायें प्रेषित की।

## दहेज में 10 लाख और कार की मांग को लेकर विवाहिता को किया प्रताड़ित

**भोपाल( काप्र )।** छोला मंदिर थाना पुलिस ने विवाहिता की शिकायत पर पति सहित ससुराल पक्ष के चार लोगो के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। थाना पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र में रहने वाली 30 वर्षीय विवाहिता ने अपनी शिकायत में बताया कि वह घरेलू काम करती है। साल 2020 में उसकी शादी परवलिया सड़क में रहने वाले राकेश कुशवाहा से हुई थी। राकेश आर्मी में कैंटीन चलाने का काम करता है। आरोप है कि शादी के थोड़े समय बाद ही पति के अलावा ससुर गीतालाल कुशवाहा, देवर जितेंद्र और बुआ सास रजनी कम दहेज मिलने की बात को लेकर प्रताड़ित करने लगे। बाद में आरोपियो ने 10 लाख और कार की डिमांड शुरु कर दी। महिला ने जब कहा कि उसका परिवार उनकी मांग पूरी करने में असमर्थ है, तब उसे डिमांड पूरी हो जाने पर ही आने का कहकर मायके भेज दिया गया। तंग आकर पीड़ीता पुलि थाने पहुंची और प्रकरण दर्ज करा दिया। पुलिस आगे की कार्यवाही कर रही है।

# समाज सेवा के रूप में कार्य सम्पादित करें समिति प्रबंधकः सारंग

भोपाल (काप्र)।

**अपेक्स बैंक एवं मप्र राज्य सहकारी संघ संयुक्त तत्वावधान में समन्वय भवन में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस के अवसर पर मध्य प्रदेश के 38 जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों में आईबीपीएस के माध्यम से चयनित समिति प्रबंधको को संबोधित करते हुए सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग में कहा कि आप सभी उच्च शिक्षा प्राप्त हैं, यह मध्य प्रदेश के सहकारी आंदोलन का सौभाग्य है।**



इसे केवल न केवल समिति प्रबंधक की नौकरी के रूप में स्वीकार करना है बल्कि आप संभी को सच्चे मन से, जहां आप पदस्थ हैं, वहां अपने आसपास रहने वाले ग्रामीणों के बच्चों को यदि अच्छी शिक्षा एवं संस्कार आप प्रदान करते हैं तथा उन ग्रामीणजनों के जीवन में खुशहाली लाने के लिए उन्हें भी अच्छे संस्कार और शिक्षा आप देते हैं तो उनके मन से आपके लिए निकलने वाली दुआएं जीवन में आपको जाने किस ऊंचाई तक ले जाएंगी, इसकी आपलोग कल्पना नहीं कर सकते हैं ।

श्री सारंग ने कहा कि मुझे आज अधिकारियों ने बताया है कि आप लोग उच्च शिक्षित हैं। मैं आपसे कहना चाहूंगा, जो भी दायित्व ईश्वर ने हमें दिया है, उसे पूरी ईमानदारी से निभायें कोई भी काम छोटा नहीं होता । शिव खेड़ा जी ने अपनी किताब में कहा है कि सफल इंसान वह है जो प्रतिदिन नए ढंग से अपने काम को करते है। मैं आज आपसे यही कहना चाहता हूं कि आज आप यहां से यह संकल्प लेकर जाएं कि आज के प्रशिक्षण कार्यक्रम में आपको जो चार महत्वपूर्ण बिंदु ऋण वितरण, वसूली, उपार्जन एवं नवाचार पर जो महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया गया है उसका पूरा अनुसरण करते हुए आप अपनी समिति में सेवा भाव से अपने वरिष्ठ अधिकारियों एवं कनिष्ठ अधिकारियों तथा समिति के सभी सदस्यों के साथ बेहतर तालमेल रखकर अपने कर्तव्य का निष्पादन भी करें ।

उन्होंने कहा कि अगर आप बेहतर ढंग से अपनी सेवाएं समितियां को उपलब्ध कराएंगे तो वह निश्चित रूप से प्रगति पथ पर अग्रसर होंगी और आर्थिक रूप से सुदृढ़ भी बनेंगी। आज में है यह भी कहता कहना चाहता हूं कि हम समितियां को ए बी सी और डी चार भागों में बाटेंगे और उनमें कार्य करने वाले प्रबंधकों की कार्य क्षमता के आधार पर यदि समितियां प्रगति करती हैं तो हम उनके आर्थिक सुदढीकरण की दिशा में भी शीघ्र विचार करेंगे ।

आयोजन में प्रमुख सचिव सहकारिता श्रीमती दीपाली रस्तोगी ने संबोधित करते हुए कहा कि अत्यंत प्रसन्नता का विषय है कि सहकारी आंदोलन में पहली बार आईबीपीएस के माध्यम से उच्च शिक्षित युवाओं के आने से प्रदेश का सहकारी आंदोलन निश्चित रूप से सुदृढ़ एवं समृद्ध बनेगा। कार्यक्रम में पंजीयक सहकारी संस्थाएं मध्य प्रदेश मनोज सरियाम ने कहा कि आप लोग उच्च शिक्षित हैं इसलिए मुझे पूरा विश्वास है कि निश्चित रूप से आपके समर्पण एवं सेवा भाव से मध्य प्रदेश का सहकारी आंदोलन नयी राह पर चलेगा।

## वुमेंन विंटेज कार रैली आज

**भोपाल ( काप्र )।** बेगम्स ऑफ भोपाल और राग भोपाली के संयुक्त तत्वाधान से वुमेन हेरिटेज कार रैली आगाज-3 का आयोजन 7 जुलाई को किया जा रहा है । मध्य प्रदेश टूरिज्म के सहयोग से इसका आयोजन होगा, और यह रैली सेफ एन्वायरमेंट और सेफ टूरिज्म और विलेज टूरिज्म को ध्यान में रखते हुए किया जाएगा। इस बारे में बात करते हुए रक्शान जाहिद ने बताया कि इस आयोजन की तैयारियां की जा रही हैं, इसे हम ई-व्हीकल भी शामिल करेंगे। रक्शान ने बताया कि इसमें करीब 150 गाडियां इसमें शामिल होंगी और पर्यावरण के दृष्टिकोण से ई व्हीकल को शामिल कर रहे हैं।। गाडियों को पर्यावरण की थीम पर सजाया जाएगा। रैली राग भोपाली से 9.30 सुबह फ्लैग ऑफ होगी। इसके बाद पुराने शहर की कई सडकों से होते हुए गोल घर पहुंचेगी। यहां से ड्राइव इन लेक व्यू पर यह रैली खत्म होगी। प्रतिभागियों को कई पैरामीटर्स पूरे करते हुए रैली को क्वालीफाई करना होगा। आयोजकों के अनुसार इस रैली में कई तहर की ओल्ड जीप दिखाई देंगी, वहीं ई व्हीकल के अलावा कुछ मॉडिफाई कार भी यहां पहुंचेंगी। बताया जा रहा है कि अभी करीब 45 से अधिक रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। रक्शान ने बताया कि कई लोग पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए अपनी अपनी गाडियों को सजाकर लाएंगे। वहीं पर्यावरण और टूरिज्म को प्रमोट करने के लिए यह सभी लोग कई तरह के स्लोग भी लिखेंगे।

